NT>

Title: Need to take steps for revival of Pyrites, Phosphates and Chemicals Ltd., Amjhaur in Rohtas district, Bihar.

श्रीमती कान्ति सिंह (बिक्रमगंज) : सभापति महोदय, पाईराइट्स, फॉस्फेट्स एंड कैमिकल्स लि. अमझौर, रोहतास, बिहार, भारत सरकार का उपक्रम है जिसे 1960 में बिहार के अति पिछड़े इलाके रोहतास जिले के अमझौर में पाईराइट्स निकालने के लिए चालू किया गया था। बाद में 1987 में यहां पर एक पाईराइट्स पर आधारित गंधकाम्ल बनाने का प्लान्ट लगाया जो कि एशिया का एकमात्र पाइराइट्स से अम्ल बनाने का प्लांट है। इस प्लांट के साथ-साथ गंधकाम्ल का इस्तेमाल कर सोन-गंगा नामक खाद बनाने का एक कारखाना भी लगाया गया, जिससे कि यहां पर उत्पादित अम्ल का इस्तेमाल कृषि कार्यों में हो सके। यहां का प्लांट एवं माइंस 1992 तक सुचारू रुप से चलता रहा, परंतु 1997 के बाद केन्द्र सरकार द्वारा सिंगल सुपर फॉस्फेट (सोन-गंगा खाद) पर सब्सिडी बंद कर देने से इस संस्थान को घाटा होने लगा, जिसके चलते 1999 में कार्यशील पूंजी के अभाव में प्लांट का उत्पादन बंद हो गया। यहां ध्यान देने योग्य बात यह है कि यहां पर उत्पादित पाइराईट्स द्वारा क्षारीय भूमि को उपजाऊ भूमि बनाया जाता है। यहां के मजदूरों ने सरकार द्वारा निर्धारित उत्पादन लक्ष्य से ज्यादा उत्पादन किया है। फलस्वरूप सरकार द्वारा उत्पादन एवार्ड भी दिया गया है। इस संस्थान को अभी भी कार्यशील पूंजी देकर चलाया जा सकता है। परंतु केन्द्र द्वारा इस संस्थान को बंद कर देने के प्रस्तावित फैसले से इस पिछड़े क्षेत्र के लोगों का रोजी-रोटी का एकमात्र सहारा छिन जायेगा और फलस्वरूप उग्रवाद से प्रभावित इस क्षेत्र में उग्रवादी गतिविधियां और बढ़ जायेंगी। अतः सरकार से अनुरोध है कि इस संस्थान को बंद न किया जाए।